





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 9 • अंक 115 • जनवरी- 2015 • मूल्य : 150/- वार्षिक




## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

# सावित्री बाई फूले


## की 185वीं जयंती पर शतः शतः नमनः

दुनियां बेहतर है क्योंकि यह जगह
महिलाओं की मौजूदगी से है -
माँ, बहन, बेटी, दोस्त या पत्नी
कोई फर्क नहीं पड़ता उनकी क्या
भूमिका है वे हमारे जीवन की दाता है
उनसे ही हमारे जीवन में प्यार है
अतः आप सभी से निवेदन है

**महिलाओं को सम्मान दें।**

| | |
|---|---|
| सावित्री बाई फूले का जन्म ( नायेगांव तह. खण्डाला, जिला सतारा ) पिता श्री खाडोजी एवं माताजी श्रीमती लक्ष्मी | 3 जन., 1831 |
| महात्मा ज्योति बा फूले के साथ विवाह | 1840 |
| पढ़ाई की शुरूआत | 1841 |
| कक्षा चौथी तथा पांचवी की परीक्षा साधारण विद्यालय से उतीर्ण | 1846 |
| शगुनाबाई के साथ विद्यालय का शुभारम्भ माहरबाड़ा में | 1847 |
| भारत की प्रथम बालिका का शुभारम्भ भिण्डेवाड़ा पुणे में तथा श्रीमती सावित्री बाई फुले प्रथम प्रधानाध्यापिका मनोनीत | 1 जन., 1848 |
| बड़े बच्चों के लिए पुणे के उस्मान शेखवाड़ा में विद्यालय का शुभा. तथा घर का त्याग कर शुद्र और अतिशूद्रों को शिक्षा देने के लिए महात्मा ज्योति बा फूले के साथ निकली | 1849 |
| प्रथम नागरिक तिल गुड़ कार्यक्रम महिला सेवा मण्डल द्वारा आयोजित | 14 जन., 1852 |
| फूले दम्पति को ब्रिटिश सरकार नेशिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्यों पर सम्मानित किया तथा श्रीमती सावित्री फूले को सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। | 16 नव. ,1852 |
| गर्भवती महिलाओं के लिए भारत के प्रथम शिशुहत्या निःषेध गृह ( भ्रुण हत्या को समाप्त करने के लिए ) का शुभारम्भ | 28 जन., 1853 |
| मेजर केण्डी के चेयरमेनशिप के अंतगृत श्रीमती सावित्री बाई फूले को सम्मानित किय गया। | 12 फर. ,1853 |
| कविताओं के पहले संकलन 'काव्य फूले' का प्रकाशन | 1854 |
| किसानों एवं दिहाड़ी मजदूरों के लिए भारत का पहला सायंकालीन विद्यालय का शुभारम्भ | 1855 |
| 'महात्मा ज्योति बा फूले के विचार' का प्रकाशन | 25 दिस. ,1856 |
| अनाथालय का शुभारम्भ | 1863 |
| अपने घर का कुआं पानी के लिए शूद्रों एवं अतिशूर्दो के लिए खोला | 1868 |
| विधवा ब्राह्मणी काशीबाई के पुत्र को गोद लिया | 1874 |
| फैमिन के महत्वपूर्ण कार्य का शुभारम्भ करने के साथ ही महाराष्ट्र में 52 निःशुल्क भोजनशालाओं का शुभारम्भ | 1876 - 1877 |
| गौद लिए बच्चे डॉ. यशवंत का विवाह सांसी की लड़की के साथ कर अदम्य साहस का परिचय दिया | 4 फर. ,1889 |
| महात्मा ज्योति बा फूले का देहान्त | 28 नव., 1890 |
| सावड़ में आयोजित सत्य सोधक समाज की प्रथम महिला अध्यक्षा नियुक्त | 1893 |
| दोबारा फैमिन के कार्य प्रारंभ किये जिसके कारण महाराष्ट्र सरकार को सहायता शिविर प्रारंभ करने पड़े | 1896 |
| पुणे में फ्लेग की महामारी में अनेकों सहायता शिविर चलायें | 1897 |
| पुणे में फ्लेग की महामारी में लगाए गए कैम्पों में पीड़ित की सेवा करते हुए देवलोक गमन हुई | 10 मार्च ,1897 |
| महाराष्ट्र सरकार द्वारा शताब्दी वर्ष मना कर भारत ने सम्मानित किया | 10 मार्च, 97-98 |
| भारत सरकार द्वारा सावित्री बाई फूले का डाक टिक प्रकाशित | 10 मार्च, 1998 |

# देशभर में सावित्री बाई फुले की 184वीं जयंति की झलकियां


























RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 9 ● अंक 115 ● 25 जनवरी, 2015 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

**आवरण कथा**

भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई की 184वी जंयति पूरे भारत में हर्षोल्लास से मनाई

### सावित्री बाई फुले के जीवन से ले प्रेरणा – गहलोत




- बदलेंगे मौजूदा शिखा नीति : श्री उपेन्द्र कुशवाह
- माली समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं- श्री राजेन्द्र गहलोत
- सैनी समाज को अपनी ताकत राजनैतिक वं आर्थिक क्षेत्र में दिखानी होगी – सैनी
- राजीव गांधी युवा क्लब भोपालगढ़ को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से नवाजा
- अजमेर मे निःशुल्क भव्य सैनी वैवाहिक परिचय सम्मेलन मे उमडा जन सैलाब
- हार कर ही जीत मिलती है- श्री ओ. पी. सैनी
- सैनी समाज की 214 प्रतिभाएं सम्मानित
- जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह
- निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 को
- सैनी समाज की डायरेक्टरी का प्रकाशन शीघ्र

# सम्पादक की कलम से ...



## नव वर्ष पर ले प्रण :

## स्वस्थ रहे शिक्षित बने संगठित रहे



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

समाज के विकास का मूल मंत्र है स्वस्थ रहना, शिक्षित बनना व संगठित रहना। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है, स्वस्थ मस्तिष्क होगा तो शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ बनेंगे। विवेकशील बनेंगे तो श्रेष्ठ निर्णय शक्ति का विकास होगा। उच्च विचारों से युक्त अपना मानव जीवन एक आदर्श इंसान का निर्माण कर सकेगा। अपने जीवन में व्याप्त कुटिलताएं, राग, द्वेष, ईर्ष्या, एक दूसरे को नीचा दिखाने की भावनाएं समाज के संगठन में बाधा बनी हुई है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, शिक्षित नहीं होगा तो समाज के विकास में अवरोध बना रहेगा। इसका परिणाम हमारे सामने है, हमारा जीवन स्तर दूसरे समाजों की तुलना में काफी पिछड़ा हुआ है। समाज को जाग्रत करने के लिए विद्वान व बुद्धिजीवी वर्ग पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहे है। इसमें प्रारम्भ से आज तक माली सैनी संदेश जैसी समाज की पत्रिका ने समाज को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में माली सैनी संदेश अपनी विवेकशील दृष्टि व उदार व्यवहार से समाज में परिवर्तन व जाग्रति ला रही है।

समाज को आगे बढ़ाने व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी प्रकार के आपसी भेदभाव भुलाकर संगठित होकर आगे बढ़ें। मौजूदा समय में युवा वर्ग शिक्षा से दूर कुव्यसनों व नशे से सराबोर हो रहा है यह गहन चिन्तन का विषय है। आज का छात्र/ युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। समाज में सामुहिक विवाह एक आदर्श एवं हर स्तर के परिवार के लिए सराहनीय कदम है। सामुहिक विवाह मेंअधिक से अधिक जोड़ों को सम्मिलित करके एक उदाहरण प्रस्तुत करें। बाल विवाह कानूनन जुर्म है, बाल विवाह रोकें एवं अन्य को रोकने को प्रेरित करें। हमारे समाज में दहेजप्रथा व टीका दस्तुरी का भी कुछ धनी परिवारों में प्रचलन चल रहा है। विवाह में दिखावे के लिए पैसा पानी की तरह बहाया जाता है। इसी प्रकार मध्यम वर्ग के व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी उनकी देखा-देखी करते है व कर्ज में डूब जाते है। इन बुराइयों से हमें बचना है ताकि उस राशि को बच्चों की शिक्षा पर व समाज के विकास में लगा सके तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा व अपना स्थान अन्य समाजों की तुलना मेंअपनी पहचान बना सकेगा।

राजनीति के क्षेत्र में भी हमारा प्रतिनिधित्व नहीं के बराबर है। हमें आपसी फूट व पार्टीबाजी में पड़कर एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति से भी बचाना पड़ेगा। चाहे किसी भी पार्टी का हो यदि योग्य व समाज के प्रति समर्पित हो तो सभी प्रकार के भेदभाव भुलाकर उन्हें सहयोग दें। फूट का परिणाम हम कई बार भुगत चुके हैं। हमारे समाज में मतदाताओं की संख्या कम नहीं है लेकिन अलग-अलग बंटे रहने से मतदाताओं की संख्या कम नहीं है लेकिन अलग-अलग बंटे रहने से टीम किसी भी पद पर पहुंचने में असमर्थ रहते है, कुछ अपवाद छोड़कर। हमारे समाज में योग्य व बुद्धिजीवी लोगों को कमी नहीं है मात्र संगाठित होकर उन्हें समर्थन देने की आवश्यकता है। एक दूसरे की टांग खिंचाई बन्द करें सुख-दु:ख में सहायता करें, तभी हम दूसरों के पीछे चलकर ही तो हमारा स्वाभिमान खोते जा रहे है। हीन भावना का त्याग करें। जब मन में दृढ़ संकल्प कर लें तो राह के शूल भी फूल बन जाते है। अत: संकटों से घबरा कर प्रयास नहीं छोड़ने चाहिए। जो व्यक्ति केवल काम के आरम्भ को देखता है वह अंधा है, जो परिणाम को ध्यान में रखे व बुद्धिमान है। कमजोर आदमी हर काम को असम्भव समझाता है और आशावादी हर असम्भव कार्य को साधारण समझता है। संगठन में वह शक्ति है कि नन्हीं चींटियाँ अपने से दस गुने वजन को उठाकर ले जाती है, हमें चींटियों से प्रेरणा लेनी है- अत: सबके साथ अच्छा व्यवहार। जिस काम को करने से आत्मा मना करे उस काम को ना करें। यदि देखना है तो दूसरों के गुण देखिये और कुछ छोड़ना है तो अपनी कमजोरियं छोड़िये। क्रोध व अहंकार विनाश का कारण है।

आईए! नव वर्ष के अवसर पर आज शपथ लेते हैं कि अपने आने वाली पीढ़ी को शिक्षित, संस्कारित व संगठित करेंगे। समाज के विकास के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई की 184वी जंयति पूरे भारत में हर्षोल्लास से मनाई

# सावित्री बाई फुले के जीवन से ले प्रेरणा - गहलोत





**जयपुर।** सावित्री बाई फुले की जयंती शनिवार को मनाई गई। जनचेतना परिषद की ओर से बरकत नगर स्थित कार्यालय में विचार गोष्ठी हुई। इसमें मुख्य वक्ता साहित्यकार राजाराम भादू ने कहा कि स्त्रियों की मुक्ति की लड़ाई व सशक्तिरण में पुरूष समाज को साक्षी भूमिका निभानी होगी। संगोष्ठी मे अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतम पाल ने की। उधर अखिल भारतीय डॉ. अंबेडकर विचार मंच की ओर से जयंती पर संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप सिसोदिया की अध्यक्षता में समारोह हुआ। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से विद्याधर नगर के सेक्टर 3 स्थित ज्योतिबा फुले परिसर में लगे शिविर में 135 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम मे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया।



सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस पर माली सैनी समाज युवा एकता समिति सांगानेर की ओर से चांदनी गार्डन श्योपुर में रविवार का रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएएस कनिष्ठ सैनी थे। समिति के अध्यक्ष अमित सैनी ने बताया कि इस मौके पर माली सैनी समाज जयपुर के जिला अध्यक्ष ओम राजोरिया, पूर्व पार्षद रोशनलाल सैनी, पार्षद ओमप्रकाश सिंह, गीतादेवी समेत कई नागरिक शामिल हुए। इधर मुस्कान द हैलिपंग हैंड्स की ओर से रविार को झोटवाड़ा की वासुदेवपुरी में रक्तदान शिविर लगया गया। अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में 76 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

**सिरोही।** माली समाज व एबीवीपी ने ज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। कृतज्ञ जनों ने सावित्री बाई व ज्योति बा फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

शहर के माली समाज छात्रावास में शनिवार को माली समाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रघुभाई माली, आदर्श बैंक के महाप्रबंधक शंकरलाल माली, समाजसेवी छोगाराम माली एवं समाज के प्रबुद्ध नागारिकों की मौजूदगी में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई। अतिथियों ने सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। माली समाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रघुभाई माली ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के पूणे में हुआ था। सावित्रीबाई देश की पहली महिला अध्यापिका एवं नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता थी, उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के सहयोग से देश में महिला शिक्षा की नींव रखी।

रघुभाई ने समाज बंधुओं से आव्हान करते हुए कहा कि हमें बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए ताकि समाज व देश का विकास हो सके। आदर्श बैंक के महाप्रबंधक शंकरलाल माली ने बताया कि सावित्री बाई फुले एक ऐसी भारतीय महिला थी, जिन्होंने उन्नींसवीं सदीं में छूआछूत, सतीप्रथा, बाल-विवाह तथा विधवा विवाह निषेध जैसी कुरीतियों के खिलाफ पति के साथ मिलकर जनसेवा कार्य किया। समृद्धि क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष प्रकाश बी माली ने कहा कि ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई ने नारी शिक्षा एवं समाज के कमजोर वर्गो में शिक्षा का अलख जगाया था। माली युवा संगठन के जिलाध्यक्ष जगदीश माली ने कहा कि हमें आपसी भेदों को भुलाकर समाज एवं देश में नारी शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। इस मौके चुन्नीलाल माली, छगनलाल माली, भरत माली, राजू मासली, मगन माली, गोपाल माली, मुकेश सोलंकी, महेंद्र सोलंकी, देवेश माली सहित छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे।

इधर, शहर के अहिंसा सर्किल पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में सावित्री

बाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रकाश बी माली ने कहा कि सावित्री बाई फुले देश की पहली अध्यापिका एवं नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता थी, जिन्होंने पति ज्योतिबा फुले के सहयोग से देश में महिला शिक्षा की नींव रखी। पीजी कॉलेज के व्याख्याता डॉ. गायत्री प्रसाद ने बताया कि सावित्री बाई फुले ने नारी शिक्षा एवं समाज के कमजोर वर्गो में शिक्षा का अलख जगाया था। परिषद के जिला संयोजक मुकेश माली ने बताया कि सावित्री बाई का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। सावित्री बाई फुले ने भारतीय समाज में व्याप्त छूआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह तथा विधवा विवाह निषेध जैसी कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़के जनसेवा का कार्य किया। इस अवसर पर हिन्दू एकता मंच के काफी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

**शिवगंज :** शहर के गोकुलवाड़ी मोहल्ला स्थित माली समाज धर्मशाला मे शनिवार को सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सावित्रि बाई फुले मंच की प्रदेश संगठन मंत्री उषा गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में माली समाज अध्यक्ष मांगीलाल गहलोत, पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, छगन गहलोत, गणेश भाटी व डूंगाराम चौहान समेत समाज बंधु मौजूद थे।

**कोटकासिम।** समाजसेवी एवं देश की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले की जयंती पर शनिवार को कस्बे की सैनी धर्मशाला में एक कार्यक्रम करके याद किया गया। इस अवसर पर सैनी सभा के प्रधान रामपत सैनी की अगुवाई में दर्जनों युवाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी मदन लाल सैनी ने कहा कि सावित्री फुले सच्ची समाजसेवी थी, उन्होंने अपना सारा जीवन दूसरों की सेवा में बिताया। वही ज्योतिबा फुले विकास मंच के संरक्षक चेताराम सैनी ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने शिक्षा विशेषकर नारी शिक्षा जैसे मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने के लिए अपने जीवन की आहुति दी। आज समाज को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसी के सहारे राष्ट्र व समाज का उत्थान निश्चित है। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा विकास मंच के अध्यक्ष विनोद सैनी, मुकेश बावलिया, नवीन सैनी ने भी कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके अलावा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच धन्ना सैनी, मंगलराम, चिरंजी लाल, राजाराम, मुकेश सैनी आदि मौजूद थे




**झुंझनुं :** सावित्री बाई फुले जंयति के मुख्य कार्यक्रम में परिष्कार चिल्ड्रन एकेडमी में मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष पवन कुमार थे जबकि अध्यक्षता पं. सुरेश शर्मा ने की। एनएमटी गर्ल्स कॉलेज की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पूजा सैनी, रामगोपाल व बजरंगलाल सैनी ने विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य वक्ता छगनलाल धूपिया ने कहा कि सावित्रीबाई की प्रेरणा से ही शिक्षा में महिलाओं का अनुपात बढ़ा है और आज महिलाओं उच्च पदों पर पहुंच सकी हैं। विशिष्ट आतिथि पूजा ने सावित्री बाई केजीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा का संकल्प दिलवाया। संयोजक संजय सैनी ने संचालन किया। संस्था सचिव गौरीशंकर खडोलिया ने आभार जताया। इधर, आंबेडकर पार्क में डीएएसएफआई के बेनर तले सावित्री जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि नोरताराम लोरोली थे जबकि अध्यक्षता योगेश मेघवाल ने की। बहुजन समाज पार्टी की ओर से भी देवी फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।




**उदयपुरवाटी :** सावित्री बाई फुले जयंती पर शनिवार को सर्व समाज सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जोधपुर यूनिवार्सिटी के पूर्व वीसी डॉ. लोकेशसिंह शेखावत, डॉ. इंदु सैनी, एनआरएफ के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र लांबा और विवेक विजय थे। अतिथियों ने कहा कि एनआरएफ छात्र संगठन की ओर से सर्वसमाज के बच्चों को सम्मानित करने की परंपरा सराहनीय है। सावित्री बाई फुले के जन्म दिन को नारी शोषण मुक्ति दिवस के रूप में मनाने के लिए साधुवाद दिया। आयोजक अजय तसीड़ ने संगठन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सैनी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र तंवर, बंशी राठी, शक्तिसिंह, असलम छापोली, रामधन सैनी, नितिन सैनी, राहुल वर्मा, अंजू सैनी, अनिता सैनी, सुनिता गुर्जर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया।

**डीडवाना :** ऑल इंडिया माली सैनी सेवा समाज के तत्वावधान में ज्योतिबा फुले सर्किल पर सावित्री बाई फुले की जयंती पूर्व पालिकाध्यक्ष रामाकिशन पंवार के मुख्य आतिथ्य एवं श्रवण कुमार भाटी की अध्यक्षता में मनाई गई। पंवार ने कहा कि विषम परिस्थितियों में समाज सुधार करना कड़ी मेहनत का काम था और ऐसी परिस्थिति में फुले दंपती ने सुख सुविधाओं को छोड़कर समाज



उत्थान के लिए महिला शिक्षा में जागृति लाने के लिए स्वयं को शिक्षित कर नई शिक्षा क्रांति का उत्थान किया। महिला जगत में सावित्री बाई जीवन प्रेरणादायक है। श्रवण भाटी ने कहा कि आज समाज में अगर जागृति लाना है तो महिला शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश सोलंकी, पार्षद पवन टाक, रामगोपाल तुनवाल, गणेश सैनी, दिनेश गहलोत, चैनाराम सैनी, बनवारी टाक, रमेश टाक, विनोद तुनवाल, पवन चौहान आदि ने विचार रखे।

**जहांगीराबाद/ बुलंदशहर :** नगर के सैनी समाज ने समाज सेविका सामाजिक क्रांति की सहयोगी सैनी समाज के गौरव माता सावित्री बाई फुले (सैनी) का जन्म उत्सव नगर जहांगीराबाद के शुभकामना बारतघर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के प्रबुद्ध लोगों सावित्री बाई फुले के चित्रण पर माल्यअर्पण कर पुष्प अर्पित किये। नगर अध्यक्ष उमेश कुमार सैनी ने बताया कि माता सावित्री बाई फुले पहली महिला टीचर थी। हमें ज्योतिबा फुले दंपति का नमन करना चाहिए। भारत में माता सावित्रीबाई फुले ने दबे कुचले लोगो व स्त्री शिक्षा का आरम्भ कर नई युग की नींव डाली नारी समता का भारत में यह पहला प्रयास था और यही स्त्री मुक्ति आंदोलन का इतिहास बनता है। स्त्री वर्ग को ज्ञान देने वाले व्यक्तित्व द्वारा सावित्री बाई फुले ने यह साबित कर दिया कि वही नवजागरण काल की प्रथम भारतीय समाज सेविका अध्यापिका है। जिसने आने वाली पीढ़ियों के लिए दीप स्तंभ बनकर पथ प्रदर्शन किया है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए। इस कार्यक्रम कीअध्यक्षता उमेश सैनी व संचालन परमानंद सैनी ने किया ।

**श्रीमाधोपुर :** सैनी युवा संगठन के तत्वावधान में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। संगठन के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी व प्रचार मंत्री राजू बागवान ने बताया कि खंडेला बाजार स्थित पुष्पनगर मोड़ पर जयंती मनाई। श्रीराम कॉलेज में प्राचार्य डा. सुदर्शन सैनी ने बताया कि देवेंद्र पारीक, वीणा, योगेद्र सैनी, सरोज सैनी आदि ने तथा स्टेप बाई स्टेप इंटरनेशनल स्कूल मे निदेशक महेश सैनी, रवि सैनी, अशेक सैनी, गणेशराम आदि ने संबोधित किया।

**फतेहपुर :** बगड़ावत बर्तन भंडार आजाद अखंड चौरास्ता पर सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। संयोजक आचार्य रामगोपाल शास्त्री और गोविदंराम सैनी ने बताया कि ओबीसी विकास मंच एवं महात्मा ज्योतिराव फुले विचार मंच द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व उपकोषाधिकारी पीपी छकड़ा की अध्यक्षता में जयंती मनाई गइ। आशाराम शास्त्री, सतीश शांडिल्य आदि ने सावित्री बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। कैलाश सैनी, गोविंद बगड़ावत, चिरंजी सैनी, महावीर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**बारां :** युवा मोर्चा ओबीसी विकास मंच की ओर से शनिवार को सावित्री बाई फुले का जन्म




दिवस हर्षोउल्लास के साथ भूतेश्वर महावेद मंदिर में मनाया गया। गौमाता को चारा डालकर व विचार गोष्ठी तात्कालिक हनुमान मंदिर हिंदू व्यायामशाला परिसर में हुई। विकास मंच के जिला महामंत्री दिनेश सुमन ने बताया कि ओबीसी विकास मंच के जिला अध्यक्ष छीतरलाल सुमन के नेतृत्व में रविवार सुबह 10 बजे सावित्री बाई फुले का जन्म दिन गौ माता को चारा डाला गया। जिला अध्यक्ष सुमन ने सभी संगठनों के पदाधिकारियों व अतिथियों को स्वागत किया। कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। माधोलाल सुमन एडवोकेट ने नारी शिक्षा आंदोलन पर जोर दिया। मुख्य अतिथि भाजपा के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मल माथोडिया व विशिष्ठ अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के जिला अध्यक्ष चौथमल सुमन, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मुकेश केरवालिया थे।

**फलौदी :** माली नवयुवक मंडल के तत्वावधान में शनिवार को सावित्री बाई फुले जयंती बागतू बाग मालियों का बास में मनाई गई। मंडल अध्यक्ष पप्पूलाल माली ने बताया कि इस अवसर पर उनके द्वारा समाज सुधार, महिला शिक्षा, महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष पर प्रकाश डाला। समाज अध्यक्ष जेठमल पंवार ने समाज के युवाओं में बढ़ती नशा प्रवृति पर चिंता जताते हुए विकास कायों में तेजी लाने का आह्वान किया। पप्पूलाल माली ने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक महिलाएं शिक्षित नहीं होगी तब तक समाज विकास नहीं कर सकता। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष जेठमल पंवार, नवयुवक मंडल अध्यक्ष पप्पूलाल माली, रणछोड़, लाभचंद, विजयकुमार, शांतिलाल, जगदीश पंवार, सवरीलाल, रमेश सोलंकी, कमल सोलंकी आदि उपस्थित थे।

**बालेसर :** कस्बे के रामद्वारा के सामने बालाजी नवयुवक मंडल द्वारा मंडल कार्यालय में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली महिला सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शनिवार को मंडल के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम युवाओं ने सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर माल्यर्पण अर्पित की एवं उनके जन्म दिवस पर उनको याद किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मदन गहलोत नारवा ने कहा की सावित्री बाई ने घर-घर घूमकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। सावित्री बाई एवं ज्योतिबा फले ने साथ में मिलकर शिक्षा की अलख जगाई। इस दौरान मंडल के पदाधिकाकरी धनाराम सांखला, दिलीप कच्छवाहा, जेताराम, गिरधारी, नरसिंगाराम सोलंकी, इंद्राराम, सुजाराम, गोपाल गहलोत,



हिम्मताराम, शिव सांखला सहित कई कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

**भोपालगढ़ :** कस्बे में सैनी उमावि में शनिवार को ज्ञान ज्योति सावित्री बाई फुले की 184वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम प्रभारी हेमासिंह




सोलंकी व प्रधानचार्य किशन सिंह भाटी ने माल्यप्रण व पष्प अर्पित कर सावित्री बाई के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए मार्गो पर चलेन का आह्वान किया। साथ ही स्कूल में बालिका शिक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा निबंध, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, रंगोली व खेलकूद प्रातियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विजेता बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर पवनकुमार भाटी, पूर्व अध्यक्ष जीवनराम सोलंकी, डूंगरराम, शिवकरण सैनी, कोषाध्यक्ष रामकिशोर भाटी, भगवानराम, महेंद्र प्रताप देवड़ा, रामस्वरूप देवड़ा, अशोक सोलंकी, विजय एवं समस्त समाज के प्रबद्धजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**तिंवरी :** प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती निकटवर्ती बालरवा गांव में श्रद्धा से मनाई गई। राजीव गांधी युवा क्लब बालरवा अध्यक्ष सांवर परिहार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा हुए कहा कि फुले ने अपना संपूर्ण जीवन जन सेवा और महिला उत्थान के लिए समर्पित किया तथा देश में महिला उत्थान के लिए समर्पित किया तथा देश में महिला सशक्तिकरण व शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान चौपासनी नवयुवक मंडल अध्यक्ष रामकिशोर परिहार, मदन सांखला, नरपत परिहार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

**खींवसर :** सावित्री बाई फुले की जयंती माली समाज लोगों ने धूमधाम के साथ मनाई। इस मौके पर एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। गोविंद गहलोत ने बताया कि शनिवार को माली समजा बंधुओं ने सावित्री बाई की 184 वीं जयंती पर तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। रामकरण सैनी ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को बाईजी के पंथ मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान खेमाराम गहलोत, हेमाराम गहलोत, श्याम देवड़ा, ओमप्रकाश तंवर, प्रेमसुख तंवर, अशोकर सोलंकी, जितेंद्र तंवर सहित बड़ी तादाद में समाज बंधु मौजूद थे।

**चाकसू :** राष्ट्रीय सैनी समाज एकता संगठन व एंबस संघ यूथ फॉर न्यू लाइफ के संयुक्त तत्वावधान




में शनिवापर को गुलाब गार्डन में सावित्रीबाई फुले जयंती शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। सैनी समाज के प्रदेशाध्यक्ष हनुमान सैनी ने कहा कि सावित्री बाई ने कमजोर वर्ग को शिक्षित बनाने के लिए जीवन समर्पित कर दिया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रामवतार सैनी ने की। संगठन जिलाध्यक्ष बाबूलाल सैनी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सावित्री बाई के जीवन दर्शन पर प्रतियोगिता व वैचारिक गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। घनश्याम गौतम, डीपी सैनी, कन्हैया लाल सैनी, रामरतन सैनी, शिवनारायण सैनी, जीतराम बैरवा समेत अन्य मौजूद थे।

**जैतारण।** माली सैनी समाज के अध्यक्ष बगदाराम रूणेचा ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने अपने जीवन को महिला के उत्थान एवं विकास में लगाते हुए राष्ट्र की पहली महिला शिक्षिका बनने का गौरव भी प्राप्त किया। वे जैतारण माली सैनी समाज में आयोजित सावित्री बाई फुले जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। रूणेचा ने कहा कि सावित्री बाई फुले जैसी होनहार बेटी माली सैनी समाज के लिए बड़े गौरव की बात है। उन्होंने अपने जीवन काल में दलित, गरीब, निर्धन निम्न तबके की महिलाओं को शिक्षित करने के लिए जीवन भर प्रयास कर उनको आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पूर्व समारोह में सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यर्पण कर पुष्प अर्जित करते हुए। इस मौके पर समाज के उपाध्यक्ष सोहनलाल भाटी, सचिव श्यामलाल टांक, कोषाध्यक्ष बद्रीलाल भाटी, रामनारायण सांखला, रामगोपाल सोलंकी, चम्पालाल गहलोत, ओमप्रकाश भाटी, पार्षद कंचन माली, श्रीलाल भाटी, संपतराज भाटी, राजूदास वैष्णव, रामसुख भाटी सहित माली समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**बीकानेर :** माली सैनिक क्षत्रिय सभा ने गंगाशहर के गोगागेट, जैन स्कूल के सामने स्थित भवन में देश की पहली महली शिक्षक और महात्मा ज्योतिबा फुले की पत्नी सावित्री बाई फुले की 185 जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित की। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड नंबर 51 से पार्षद भावना गहलोत और 55 से विमलादेवी गहलोत द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माला पहना कर किया। भवन कमेटी के अध्यक्ष तेजरतन भाटी ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ललिता कच्छावा रही। भाटी ने कहा कि जयंती के इस मौके पर डॉ. ललिता कच्छावा को सावित्री बाई फुले अवार्ड से सम्मानित किया गया। कमेटी के सचिव मुरली गहलोत ने विवरणिका भेंट की तो वहीं कोषाध्यक्ष दिनेश कच्छावा ने शॉल भेंट किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने माता सावित्री बाई फुले की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित भी किया।

इस अवसर पर डॉ. ललिता कच्छावा ने




हिम्मताराम, शिव सांखला सहित कई कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

**भोपालगढ़ :** कस्बे में सैनी उमावि में शनिवार को ज्ञान ज्योति सावित्री बाई फुले की 184वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम प्रभारी हेमासिंह सोलंकी व प्रधानचार्य किशन सिंह भाटी ने माल्यप्रण व पष्प अर्पित कर सावित्री बाई के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए मार्गो पर चलेन का आह्वान किया। साथ ही स्कूल में बालिका शिक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा निबंध, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, रंगोली व खेलकूद प्रातियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विजेता बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर पवनकुमार भाटी, पूर्व अध्यक्ष जीवनराम सोलंकी, डूंगरराम, शिवकरण सैनी, कोषाध्यक्ष रामकिशोर भाटी, भगवानराम, महेंद्र प्रताप देवड़ा, रामस्वरूप देवड़ा, अशोक सोलंकी, विजय एवं समस्त समाज के प्रबद्धजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**तिंवरी :** प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती निकटवर्ती बालरवा गांव में श्रद्धा से मनाई गई। राजीव गांधी युवा क्लब बालरवा अध्यक्ष सांवर परिहार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा हुए कहा कि फुले ने अपना संपूर्ण जीवन जन सेवा और महिला उत्थान के लिए समर्पित किया तथा देश में महिला उत्थान के लिए समर्पित किया तथा देश में महिला सशक्तिकरण व शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान चौपासनी नवयुवक मंडल अध्यक्ष रामकिशोर परिहार, मदन सांखला, नरपत परिहार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

**खींवसर :** सावित्री बाई फुले की जयंती माली एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। गोविंद गहलोत ने बताया कि शनिवार को माली समजा बंधुओं ने सावित्री बाई की 184 वीं जयंती पर तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। रामकरण सैनी ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को बाईजी के पंथ मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान खेमाराम गहलोत, हेमाराम गहलोत, श्याम देवड़ा, ओमप्रकाश तंवर, प्रेमसुख तंवर, अशोकर सोलंकी, जितेंद्र तंवर सहित बड़ी तादाद में समाज बंधु मौजूद थे।

**चाकसू :** राष्ट्रीय सैनी समाज एकता संगठन व एंबस संघ यूथ फॉर न्यू लाइफ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवापर को गुलाब गार्डन में सावित्रीबाई फुले जयंती शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। सैनी समाज के प्रदेशाध्यक्ष हनुमान सैनी ने कहा कि सावित्री बाई ने कमजोर वर्ग को शिक्षित बनाने के लिए जीवन समर्पित कर दिया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रामवतार सैनी ने की। संगठन जिलाध्यक्ष बाबूलाल सैनी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सावित्री बाई के जीवन दर्शन पर प्रतियोगिता व वैचारिक गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। घनश्याम गौतम, डीपी सैनी, कन्हैया लाल सैनी, रामरतन सैनी, शिवनारायण सैनी, जीतराम बैरवा समेत अन्य मौजूद थे।




**जैतारण।** माली सैनी समाज के अध्यक्ष बगदाराम रूणेचा ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने अपने जीवन को महिला के उत्थान एवं विकास में लगाते हुए राष्ट्र की पहली महिला शिक्षिका बनने का गौरव भी प्राप्त







## माली सैनी संदेश के नववर्ष के बहुरंगीय कलैण्डर को आप हमारे कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

सैनी समाज के प्रतिभा सम्मान व वार्षिकोत्सव में बोले केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास राज्यमंत्री

# बदलेंगे मौजूदा शिक्षा नीति : श्री उपेन्द्र कुशवाह

## सैनी समाज की जिले की प्रतिभाएं सम्मानित, सैनी अधिकारी एवं कर्मचारी संघ का कार्यक्रम



चूरू। केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाह ने कहा कि केंद्र सरकार शीघ्र ही मौजूदा शिक्षा नीति में बदलाव करेगी। इसे रोजगार व देश-दुनियां की जानकारी से जोड़ने वाली बनाया जाएगा। इसके लिए राज्यों व आम लोगों से सुझाव मांगे जाएंगे।

वे शनिवार को चूरू में सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान के प्रतिभा सम्मान व वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा शिक्षा नीति केवल डिग्रियां हासिल करने तक सीमित होकर रह गई है। इसी कारण देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने समाज में शिक्षा को जरूरी बताते हुए कहा कि जो समाज शिक्षा का लाभ नहीं उठा पाया, वह हर क्षेत्र में पिछड़कर रह गया। समाज में चेतना लाने के लिए शिक्षित समाज की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिभाओं के सम्मान को उचित बताते हुए कहा कि इससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रतिभाओं से भी कहा कि वे इस सम्मान से प्रेरित होकर शिक्षा के क्षेत्र ऐसा नाम कमाएं, कि समाज भी गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने समाज के पूर्वज महात्मा ज्योतिबा फुले का जिक्र करते हुए कहा कि नारी शिक्षा में चेतना लोन के लिए फुले ने सबसे पत्नी को शिक्षित किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने फुले के शिक्षा प्रति दिए गए योगदान का जिक्र भी किया। समारोह कौ चौमूं के पूर्व विधायक भगवानसहाय सैनी, रामावतार सैनी, बीकानेर के गोपाल गहलोत, गुरूकृपा ग्रुप के सीएमडी सुभाष सैनी, रतनगढ़ पालिकाध्यक्ष शिवभगवान, करणीसिंह व ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय समता दल के मोती बाबा आदि ने संबोधित किया। समारोह में राष्ट्रीय समता लोकतांत्रिक दल के राज्य के प्रभारी संदीप सैनी, दल के यूपी प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव व बिहार महासचिव अरूण कुशवाहा भी मौजूद थे। अध्यक्षता समाजसेवी राधेश्याम ने की। संचालन बजरंग सैनी व निर्मला सैनी ने किया। समारोह में चूरू, झुंझुनूं व सीकर जिले के समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। इससे पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाह ने टाउनहॉल में सैनी अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा संघ के जिला स्तरीय प्रतिभाओं का सम्मान किया। इनमें शिक्षा, खेलकूद व विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने वाली प्रतिभाएं हैं। समारोह में हाल ही चूरू नगर परिषद व सादुलपुर नगर पालिका की ओर से निर्वाचित समाज के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में सत्र 2013 व 2014 में अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इसके अलावा खेलकूद व अन्य गतिविधियों ने टॉप रहने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। समारोह मे नन्ही बच्ची प्रतिष्ठा ने कालबेलिया नृत्य से खूब पुरस्कार प्राप्त किए। समारोह में अन्य छात्राओं ने स्वागत गोत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।



प्रारंभ में अतिथियों ने सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. एसके सैनी, डूंगरमल सैनी, सैनी अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष भंवरलाल, राधेश्याम सैनी व धन्नाराम सैनी आदि ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

**जनप्रतिनिधियों का सम्मान :** हाल में चूरू नगर परिषद व सादुलपुर नगर पालिका चुनाव में पार्षद बने समाज के लोगों का भी सम्मान किया गया। इसमें जयभगवान सैनी, पवन सैनी, पार्वती देवी, नेमीचंद सकसिया, सरोज सैनी, भागीरथ दड़या, लक्ष्मी सैनी, सुमित्रा सैनी व चंद्रप्रकाश शामिल है।

**समाज की वेबसाइट लांच :** केंद्रीय मानव संसाधन राज्यमंत्री ने कैलाश सैनी की ओर से तैयार की गई वेबसाइट को भी लांच किया। इसमें समाज के लोगों के बारे में विस्तार से जानकारी है।

**बाइक रैली निकाली, ज्ञापन दिया :** युवा सैनी समाज ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री का ज्ञापन देकर महात्मा ज्योतिबा फुले का भारत दिए जाने की मांग की है। इससे पहले समाज के युवाओं ने चुरू की सीमा से केंद्रीय राज्यमंत्री को बाइक रैली के जरिये स्वागत किया। एडवोकेट एम गोपाल बालान ने बताया कि रैली के बाद तीन सूत्री ज्ञापन में फुले को भारत रत्न दिए जाने, प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले के जन्म दिन को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस के रूप मनाने व ज्योतिबा फुले की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग मुख्य है। रैली में अशोक सैनी, कमल पापटाण, धर्मेन्द्र राकसिया, कमल किरोड़ीवाल, मनोज मिटावां, मनीष जमालपुरिया, विमल सैनी, ताराचंद जमालपुरिया आदि शामिल थे।

# माली समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं– श्री राजेन्द्र गहलोत





जोधपुर। मण्डोर क्षेत्र के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों में सॉफ्टबॉल एवं पेसापोलो खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शीतकालीन निःशुल्क सॉफ्टबॉल एवं पेसापोलो प्रशिक्षण शिविर 2014 का आयोजन अमृतलाल गहलोत स्टेडियम, नयापुरा, जोधपुर में दिनांक 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2014 तक विद्यालयों में होने वाले शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किया गया।

इस शिविर का समापन समारोह आज दिनांक 31 दिसम्बर 2014 को सुबह 9.00 बजे आयोजित किया गया। इस समापन समारोह में श्री राजेन्द्र गहलोत (पार्षद वार्ड सं. 63), श्रीमति श्यामा देवी (पार्षद वार्ड सं. 64), श्री मनीष गहलोत (संपादक, माली सैनी संदेश), श्री लक्ष्मण सिंह गहलोत (चेयरमेन एम्पायर बोर्ड, भारतीय सॉफ्टबाल संघ) एवं श्री धर्मेन्द्रसिंह गहलोत (समाज सेवी) अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र गहलोत ने सभी प्रशिक्षार्थियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमें केवल उनकी पहचान कर उनको सही मागदर्शन करना है। समाज के खिलाड़ियों ने प्रथम बार में ही राजस्थान को नेशनल चैपियन बनाया उसके लिए टीम के खिलाड़ियों के साथ ही कोच एवं मैनेजमेंट को हार्दिक बधाई। ऐसे आयोजन के लिए सभी प्रयोजकों एवं युवाओं का हार्दिक आभार जिन्होंने अल्प समय में इस खेल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर विभिन्न आयु वर्ग के 110 खिलाड़ी हिस्सा लिया। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में वरीयता प्राप्त करने वाले खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए। शिविर प्रबंधन समिति ने सभी अतिथियों का माला पहना कर एवं शिविर का स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों एवं खिलाड़ियों को शिविर के मुख्य प्रशिक्षक मोहित गहलोत द्वारा खेल के नियमों और तकनीकों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करवायी। अतिथियों ने शिविर में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया।

शिविर विभिन्न आयु वर्ग के 110 खिलाड़ी हिस्सा लिया। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में वरीयता प्राप्त करने वाले खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए। इस शिविर के सफल संचालन में हेतु बडा बेरा व गोपी बेरा के प्रमोद गहलोत, विकास गहलोत, जसवन्त गहलोत, अरविन्द गहलोत, विजय माली, संदीप गहलोत, हंसराज गहलोत, हेमन्त गहलोत, धर्मेन्द्र परिहार, सुनिल गहलोत व भगतसिंह गहलोत ने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहें है।
















# परमपिता-परमात्मा सब तेरी सन्तान। भला करो सबका प्रभु सबका हो कल्याण



## || गौ माता की करुंणा ||

हे हिन्द देश के लोगों, मेरी सुन लो दर्द कहानी
क्यों दया धर्म विसराया, क्यों दुनिया हुई विरानी ||
जब सबको दूध पिलाया, मैं गौ माता कहलाई
क्या है अपराध हमारा, जो काटे आज कसाई
बस भीख प्राण की दे दो, मै द्वारा तुम्हारे आई
मैं सबसे निर्बल प्राणी, मत करो आज मनमानी ||
हे हिन्द देश के लोगों.........................

जब जाऊं कसाई खाने, चाबुक से पीटी जाती
उस उबले जल को तन पर, मैं सहन नहीं कर पाती
जब जंग मौत का आता, मैं हाय हाय चिल्लाती
मेरा कोई साथ ना देता, यहां सबकी करी पहचानी ||
हे हिन्द देश के लोगों................................

उस समदर्शी ईश्वर ने, क्यों हमको मूक बनाया
ना हाथ दिये लड़ने को, हिन्दू भी हुआ पराया
कोई मोहन बना जाओ रे, जिसने मोहे कंठल गाया
मैं फर्ज निभाऊ मां बन, पर जग ने प्रीत ना जानी ||
हे हिन्द देश के लोगों..........................

मै मां बन दूध पिलाती, तुम मेरा मांस बिकाते
क्यों जननी के चमड़े से, हो पैसे आप कमाते,
मेरे बछड़े अन ऊपजाते, पर तुम सब दया ना लाते
गौ हत्या बंद करो रे, रहने दो वंश निशानी ||
हे हिन्द देश के लोगों............

संकलन : **राधेश्याम सांखला, जोधपुर**

# भागवत कथा सप्ताह का भव्य आयोजन अंतराष्ट्रीय संत रामप्रसादजी महाराज के सान्निध्य में




जोधपुर। न्यू नागौर बाईपास ढाणाबेरा मण्डोर, जोधपुर में 4 फरवरी, 2015 से 10 फरवरी 2015 तक किया जाएगा जिसमें मानव कल्याण के विश्व बन्धुत्व की भावना तथा मानवता का पुर्नउत्थान हेतु दोपहर 12.15 से 4.00 बजे तक भागवत कथा एवं रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक नानी बाई का मायरा का आयोजन रखा गया।

